तापमान

अधिकतम 26.8 डिग्री

न्यूनतम 11.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 12 जनवरी 2026



रिवर व्यू रोड पर लगने वाले संडे मार्केट में भीड़ नजर आने लगी।



**खबर संक्षेप**

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर बनेगा विश्व रिकॉर्ड आज



**बिलासपुर।** उप मुख्यमंत्री सह खेल मंत्री अरुण साव ने बताया कि सोमवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को पूरा देश राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाता है। छत्तीसगढ़ में अलग अलग प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कई स्थानों में स्वदेशी दौड़ का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा रत्न अवार्ड भी प्रदान किया जाएगा। डिप्टी सीएम अरुण साव ने बताया कल 12 जनवरी को उनके नेतृत्व में खेल एवं युवा कल्याण विभाग बिलासपुर में विश्व रिकॉर्ड बनाने जा रहा है। पुलिस ग्राउंड बिलासपुर में 1500 से अधिक बच्चे विश्व रिकॉर्ड बनाने स्वामी विवेकानंद की वेशभूषा में इकट्ठे होंगे और वंदे मातरम का गान करेंगे। एक साथ 1500 स्कूली बच्चे नशा ना करने की शपथ लेंगे। साथ ही कंपनी गार्डन, बिलासपुर में विवेकानंद जी की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

### आईटीआई कोनी में अप्रेंटिसशिप मेला आज

**बिलासपुर।** आईटीआई कोनी के सीओई भवन मे 12 जनवरी को सुबह 10.30 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से विद्युतकार, फिटर, मैकेनिक डीजल, मशीनिष्ट, वेल्डर, टर्नर, प्लम्बर, ट्रेक्टर मैकेनिक, शीट मेटल मोटर, मैकेनिक मोटर व्हिकल एवं कोपा के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर इस मेले में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए आदर्श आद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी से संपर्क कर सकते हैं।

### संविदा लाइन कर्मचारियों की हड़ताल, होगी कार्रवाई

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के विद्युत संविदा कर्मचारी संघ द्वारा तीन दिवसीय सांकेतिक काम बंद हड़ताल का अल्टीमेटम दिया गया है। वहीं कंपनी ने साफ कहा है कि हड़ताल में जाने वाले कर्मचारियों को सीधे पर ऐसा नहीं करने की हिदायत दी गई है, इसके बाद भी कर्मचारी हड़ताल पर जाते है, तो उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई तय है। दरअसल विद्युत संविदा कर्मचारी संघ द्वारा 12 से 14 जनवरी तक 3 दिवसीय हड़ताल की घोषणा की गई है। इस दौरान कंपनी की ओर से एचआर अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने हड़ताल को लेकर पत्र जारी कर हड़ताल को प्रतिबंधित किया है। उन्होंने कहा कि संविदा कर्मचारी अपनी सेवा शर्तों के अनुसार छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 से शासित एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1968 के अंतर्गत नियंत्रित हैं।

### नान इंटरलाकिंग से टाटा बिलासपुर 14 तक रद्द



**बिलासपुर।** टाटानगर से बिलासपुर के बीच चलने वाली ट्रेन को नान इंटरलाकिंग के कारण 8 से 14 जनवरी तक रद्द करने का निर्णय लिया गया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार नॉन इंटरलाकिंग का कार्य किया जा रहा है। इसकी वजह से 18113/18114 टाटानगर-बिलासपुर और बिलासपुर से टाटानगर के बीच चलने वाली ट्रेन का संचालन 8 से 14 जनवरी तक रद्द कर दिया है।

# 12 दिनों से दिनभर में सिर्फ दो-चार बाल्टी पानी नसीब, आज से सप्लाई हो सकती है सामान्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिरकोना स्थित ट्रीटमेंट प्लांट में टैक्निकल फाल्ट आने के शहर में आई जल समस्या को अब सुधार लिया गया है। निगम के मुताबिक सोमवार से दोनों टाइम पानी की सप्लाई होगी। इससे पहले नगर निगम ने पुराने चेंबर को तोड़कर वाल्व को नए सिरे से बनाया है और वहां कंक्रीट का नया चेंबर तैयार किया। चेंबर के ऊपर सेंटरिंग की गई और लकड़ी की जगह स्टील का प्लेट लगाया गया। निगम के मुताबिक अशोक नगर इलाके में अमृत मिशन की जो मेन पाइपलाइन टूटी थी उसे भी ठीक कर लिया गया है। इसी पाइप लाइन से 22 पानी की टंकियों में सप्लाई की जाती है।

- **अशोकनगर पाइपलाइन और ट्रीटमेंट प्लांट में आई फाल्ट को सुधारा गया**

ज्ञात हो कि इसी पाइप लाइन में कई जगहों पर पाइपलाइन में लीकेज भी पाया गया था। निगम के अनुसार, वॉल्व की रिपेयरिंग पूरी कर नया चेंबर तैयार कर लिया गया है, लेकिन मेन लाइन टूटने के कारण सप्लाई दोबारा शुरू नहीं हो पाई। निगम की टीम मौके पर पहुंचकर लाइन सुधारने और लीकेज दुरुस्त करने में जुटी हुई है। अधिकारियों के मुताबिक सोमवार से जलापूर्ति सामान्य की जा सकेगी। ध्यान रहे कि अशोक नगर में इससे पहले भी कई बार लाइन क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इस बार मरम्मत के साथ-साथ जरूरत के अनुसार पाइपलाइन के पुराने और जर्जर हिस्सों को बदलने का काम भी किया जा रहा है, ताकि भविष्य में बार-बार ऐसी समस्या न हो।




### दिनभर में दो-चार बाल्टी पानी ही नसीब

इधर निगम ने अमृत मिशन की सप्लाई ठप होने के बाद राहत के तौर पर शहर में बंद पड़े 122 पंपों को चालू किया है। हालांकि, इससे केवल उन्हीं घरों को फायदा मिल पा रहा है, जहां सीधी सप्लाई की व्यवस्था है। टंकियों से पानी सप्लाई होने वाले इलाकों में हालात बेहद खराब हैं। पुराने और कमजोर पंपों की वजह से टंकियां पूरी तरह नहीं भर पा रही हैं, जिसके कारण लोगों को दिनभर में महज दो-चार बाल्टी पानी ही नसीब हो रहा है। ज्ञात हो कि अमृत मिशन योजना के तहत 40 हजार घरों को जोड़ा गया है, जहां 75% घरों में अभी समस्या है। तालापारा, मगरपारा, कुम्हारपारा, व्यापार विहार, विनोबा नगर, भारतीय नगर, चांटीडीह और चिंगराजपारा जैसे इलाकों में पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। यहां लोगों को पानी के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। कई परिवारों को दूर-दराज के इलाकों से पानी लाना पड़ रहा है, वहीं कुछ लोग पानी खरीदने को मजबूर हैं।

**सप्लाई घटकर 30 एमएलडी ही रह गई**

ध्यान रहे कि अभी निगम क्षेत्र में 1,144 पावर पंप हैं, जिनमें से 982 पंप घरों तक सीधे पानी पहुंचाते हैं लेकिन अमृत मिशन लाइन बंद होने पर निगम को सभी पावर पंप चलाने पड़ रहे हैं। इसके अलावा अमृत मिशन शुरू होने के बाद बंद किए गए 66 ट्यूबवेल फिर से चालू किए गए ताकि किसी तरह सप्लाई को संभाला जा सके। नगर निगम के जल विभाग के अधिकारी अनुपम तिवारी के मुताबिक पंप चालू किए गए हैं और टैंकरों से पानी पहुंचाया जा रहा है। ज्ञात हो कि 40 हजार घरों को रोजाना 42 एमएलडी पानी सप्लाई होती है। मरम्मत के दौरान यह घटकर 30 एमएलडी रह गया है। इसी कारण कि नागरिकों को सिर्फ सुबह के समय पानी मिल रहा है वह भी कम दबाव में। कई क्षेत्रों में लो प्रेशर और कुछ जगहों पर पानी बिल्कुल नहीं आ रहा है। जिन इलाकों में पाइपलाइन में लीकेज है या जहां बड़े पैमाने पर अवैध कनेक्शन हैं, वहां समस्या और बढ़ गई है।

### दो बाइक में हो रही थी रेस : सकरी रोड पर हुआ भीषण हादसा

# नाबालिग छात्र ने स्टंट करते हुए खेत में घुसा दी बाइक, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रविवार की सुबह सकरी रोड पर चार युवक बाइक रेस करने लगे, 100 किलोमीटर प्रतिघंटे से अधिक की रफ्तार से बाइक दौड़ाकर ये युवक स्टंट भी करने लगे, इस चक्कर में रामा लाइफ सिटी के पास एक नाबालिग की बाइक अनियंत्रित होकर पान ठेले से टकरा गई और उसे तोड़ते हुए खेत में जा घुसी, हादसे में नाबालिग की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी बाइक में सवार युवक मौके से भाग निकले। हादसे के बाद घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लगी रही।

सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, रविवार की सुबह 7.30 बजे राजकिशोरनगर निवासी प्रेम सिंह पिता रामबाबू सिंह 16 साल यामहा आर - 15 बाइक क्रमांक सीजी 10 एक्यू, 6169 में एवं उसके दो दोस्त अलग बाइक में रेस करते हुए सकरी की ओर जा रहे थे। बताया जा रहा है प्रेम सिंह 100 से अधिक की स्पीड में दोस्तों के साथ रेसिंग व स्टंट करते हुए आगे चल रहा था। रामालाइफ सिटी के पास तेज रफ्तार में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पान ठेले को तोड़ते हुए खेत में घूस गई। रफ्तार इतनी तेज थी कि प्रेम सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उसकी बाइक का पिछला चक्का टूटकर फेंका गया और बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं पान ठेला भी पूरी तरह से चकनाचूर हो गया है। हादसे के बाद रेसिंग कर रहे उसके दोनों दोस्त भाग खड़े हुए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**इकलौता बेटा था**

मृतक माता पिता का इकलौता बेटा था और उनकी दो बहने है। मृतक के पिता बाहर में रहकर ठेकेदारी का काम करते है। दोस्त श्रीयांश ने बताया, मृतक ब्रिलियेंट पब्लिक स्कूल में कक्षा नवमीं का छात्र था।



मृतक

**नाबालिग होकर कर रहा था स्टंट**

16 साल के उम्र में मृतक अपने दोस्त से हाईस्पीड बाइक लेकर रेसिंग कर स्टंट करते हुए हादसे का शिकार हो गया। नियमानुसार बिना लाइसेंस के मृतक को बाइक उपलब्ध कराने वाले के खिलाफ जुर्म दर्ज होना चाहिए। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।





**दोस्त से मांगकर ले गया था बाइक**

मृतक प्रेम सिंह रविवार की सुबह 7 बजे अपने दोस्त राजकिशोर नगर निवासी श्रेयांश शिंदे के घर जाकर उससे यामहा आर 15 को 10 मिनट के लिए मांगा। उन्होंने बाइक देने से मना किया तो वह जिद करने लगा। उसके बाद वह उन्होंने बाइक दे दी। उसके बाद मृतक अन्य दोस्तों के साथ उक्त बाइक में स्टंट कर रहा था।

### दो बाइक आपस में भिड़ी, एक की मौत

सीपत टीआई राजेश मिश्रा ने बताया, 10 जनवरी की शाम 7 बजे खम्हरिया व उनी के बीच दो बाइक के बीच आमने सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक सवार उनी निवासी राजकुमार मौवार की मौत हो गई है। वहीं दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है।

**सड़क हादसे : 11 दिन में 9 मौतें**

एक तरफ सड़क सुरक्षा माह बनाकर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं लगातार सड़क हादसे में लोगों की जान चली जा रही है। 3 जनवरी 2026 को बेलगहना भस्को के पास पेड़ से टकराकर कार सवार रायपुर निवासी राम धीवर, राजकुमार साहू, 5 जनवरी को सकरी परसदा में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से मां बेटी जरहागांव निवासी उर्मिला मनहर, मान्यता 4 साल, 6 जनवरी लिंगियाडीह में कार की टक्कर से जोरापारा निवासी राजेन्द्र चंद्रवंशी, 9 जनवरी को नूतन चौक में ट्रक से टकराकर कार सवार जांजगीर बमम्हनीडीह निवासी अंशु चंद्रा व एक युवती की मौत हो गई है।

**स्टंटबाजी रैश डग ना करें**

रविवार की सुबह एक युवक व दो दिन पहले शराब पीकर गाड़ी चलाने से कार सवार एक युवक व युवती की मौत हो गई है। युवा आपके सपने, आपीकी क्षमता, आपके परिवार, समाज, और देश की अमूल्य धरोहर हैं, इन्हें स्टंट, रफ ड्राइविंग, नशे की हालत में वाहन चलाकर बर्बाद न करें।

- **रजनेश सिंह** एसएसपी

**बाइक देने वाले पर होगी कार्रवाई**

जांच के बाद नाबालिग मृतक को बाइक देने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मृतक की ठेले को टक्कर मारते हुए मौत हुई। किसी व्यक्ति को टक्कर मारता तो बीएनएस की धारा पर कार्रवाई होती, स्वयं से हादसा हुआ है तो मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई बनती है। बहरहाल जांच के बाद बाइक देने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

- **विजय चौधरी** सकरी टीआई

# सेंट्रल विवि मेस के कर्मचारी ने सचिव को चाकू लेकर दौड़ाया

**बिलासपुर।** सेंट्रल यूनिवसिटी स्थित मेस में आलूगुंडा को लेकर कर्मचारी दो भाईयों का मेस सचिव से विवाद हो गया। इस पर कर्मचारी दोनों भाईयो ने गाली गलौज करते हुए चाकू लेकर मेस सचिव को मारने के लिए दौड़ाया। मेस में इन दोनों भाईयों को पकड़कर छात्रों ने जमकर हंगामा मचाया। उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों भाईयों को पकड़कर थाने ले गई।

कोनी टीआई भावेश सेंडे ने बताया, सक्ती जिले के बिर्रा निवासी दीपक केंवट. उसका भाई दिपेन्द्र केंवट सेंट्रल यूनिवर्सिटी के मेस में काम करते हैं। उक्त सीयू का छात्र हर्ष अग्रवाल उक्त मेस का सचिव है। रविवार की शाम 6 बजे हर्ष ने मेस में जाकर आलूगुंडा मांगा। दिपेन्द्र केंवट ने उन्हें आलू गुण्डा दे दिया। इसी दौरान एक अन्य छात्र आया और उसने भी आलू गुण्डा मांगा। कर्मचारी ने उक्त छात्र को आलू गुण्डा नहीं है कहकर लौटा दिया। इस पर हर्ष ने कर्मचारी से छात्र को आलू गुण्डा देने को कहा। इस बात पर उनके बीच विवाद शुरू हो गया। इस पर कर्मचारी दोनों भाई आक्रोशित हो गए और हर्ष के साथ गाली गलौज करने लगे। विवाद होने पर मेस में बड़ी संख्या में छात्र भी पहुंच गए। विवाद के बीच कर्मचारी दोनों भाई चाकू लेकर हर्ष को मारने के लिए दौड़ाने लगे। छात्रों ने दोनों भाईयों को पकड़कर हंगामा मचाना शुरू कर दिया।

छात्रों के द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई। टीआई श्री शेंडे पेट्रोलिंग पार्टी के साथ मौके पर गए और उक्त कर्मचारी दोनों भाईयों को पकड़कर थाने ले लाए। टीआई श्री शेंडे ने कहा छात्र की शिकायत के आधार पर दोनों भाईयों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**छात्रों ने मचाया हंगामा**

- आलूगुंडा को लेकर हुआ विवाद



# तीन महिलाओं के गले से सोने के जेवर चोरी, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रामकथा में भण्डारा के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर तीन महिलाओं के गले से सोने के जेवर चोरी कर लिए गए। पुलिस अपराध कायम कर चोरी करने वालों की तलाश कर रही है।



कोतवाली पुलिस के अनुसार, 11 जनवरी को लालबहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में रामकथा का आयोजन शुरू हुआ है। रामकथा की कलश यात्रा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं आई थीं। कलश यात्रा के बाद मैदान में भण्डारा के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भोजन कर रही थीं। इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाते हुए महिला चोरों ने उनके बीच घुसकर तेलीपारा निवासी लता वर्मा पति संजय वर्मा, शगुन साहू, भगवती ठाकुर व अन्य महिलाओं के गले से सोने के जेवर चोरी कर लिया। भण्डारा खाने के बाद महिलाओं ने अपने गले में देखा तो जेवर चोरी हो गए थे। महिलाओं के जेवर चोरी होने से हड़कंप मच गया। पीड़ित महिलाएं चोरी की रिपोर्ट लिखाने थाने पहुंच गईं। पुलिस ने लता वर्मा की रिपोर्ट पर अज्ञात महिलाओं के खिलाफ जुर्म दर्ज कर चोरी करने वाली महिलाओं के पतासाजी में जुट गई है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के साथ ही जिला अस्पताल में पहुंचते हैं मरीज

# कुत्तों का आतंक, हर दिन 30 लोग बन रहे शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉग बाइक के मामले अचानक बढ़ गए हैं। रोजाना जिले में कुत्ते काटने के दो दर्जन से अधिक मामले सामने आ रहे हैं। सिम्स में सबसे ज्यादा मामले देखे गए हैं। इस दौरान सिम्स में बीते 1 हफ्ते में 122 मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों और जिला अस्पताल में भी रोजाना रैबिज के इंजेक्शन के लिए भीड़ लग रही है। बताया जा रहा है कि ठंड के असर के साथ पालतू जानवरों में आक्रमकता आ चुकी है, जिससे वे लोगों को काट कर घायल कर रहे हैं। वहीं इस दौरान निगम की रेस्क्यू टीम फील्ड से नदारद है।

- **लगातार हो रहे डॉग बाइट से लोगों में दहशत**

कुत्तों के आंतक के कारण लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो चुका है। इस दौरान कालोनियों में आवारा कुत्ते लोगों के साथ बच्चे और बुजुर्गों को अपना शिकार बना रहे हैं। इस दौरान औसतन 30 लोगों को कुत्तों ने काटा है। हफ्ते में 122 मामले दर्ज किए गए हैं। जिला अस्पताल में रैबिज के इंजेक्शन के लिए लंबी लाइन लग रही है। डाक्टरों के अनुसार बीडिंग का सीजन होने के कारण कुत्ते आक्रमण हो चुके है, वहीं विंटर सीजन में बाहर रहने वाले आवारा कुत्ते खतरनाक साबित हो रहे है, ठंड से जूझते कुत्ते लोगों को सुनसान जगहों पर देख काटने दौड़ रहे हैं। इस दौरान महिला और बच्चे सबसे आसान शिकार बन रहे हैं, ताजा मामलों में करीब 45 से अधिक बच्चे एक हफ्ते के भीतर कुत्तों के शिकार बन चुके हैं।





**पालतू बिल्लियां बनी परेशानी का सबब**

डॉ राम ओत्तलवार ने बताया कि इस दौरान पालतू बिल्लियां भी आक्रमक हो चुकी है, श्याम टाकिज रोड स्थित शासकीय पशु अस्पताल में हर दिन बिल्लियों को इंजेक्शन लगाने वालों की तादात देखी जाती है। डाक्टर ने बताया कि वर्तमान में कुछ ब्रिड की बिल्लियां वातावरण में सामंजस्य नहीं बना पाती है, ऐसे में उनकी देखरेख करने वालों को घायल कर रही है। यह सामान्य बात है लेकिन इसके लिए बिल्लियों को समय पर इंजेक्शन लगाना अनिवार्य है, जिससे लोगों को कई तरह की बीमारियों से बचाया जा सके।

**बच्चों को बचाना चाहिए**

जनवरी-फरवरी में कुत्तों में प्रजनन का समय रहता है, इस दौरान मोहल्ले-कालोनियों में रहने वालों को आवारा कुत्तों से बच्चों को बचाना चाहिए। लोगों को समय पर रैबीज का इंजेक्शन लगवा लेना चाहिए।

- **डॉ. राम ओत्तलवार**
शासकीय पशु चिकित्सक

# सीएमएचओ ने किया स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण, शिफ्टिंग के निर्देश

**बिलासपुर।** जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में सरकारी सेवाओं के कामकाज और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को लेकर सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल ने स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला आरसीएच अधिकारी डॉ रक्षित जोगी मौजूद रहे।

सीएमएचओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीपत,लूथरा, खोंधरा, बेलतरा तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर का निरीक्षण किया गया। सीपत अस्पताल में समस्त स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं व चिकित्सकों की समीक्षा बैठक ली गई। डिलीवरी वैक्सीनेशन एनसीडी स्क्रीनिंग, जांच सुविधाओ को जांच और आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदन कार्ड के विषय में विशेष निर्देश दिए गए। लूथरा पीएचसी के निरीक्षण के दौरान नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर जल्द से जल्द शिफ्टिंग करने का आदेश दिया है।



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोंधरा पहुंच स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और ग्रामीण चिकित्सा सहायकों को हितग्राहियों तक पहुंच कर स्वास्थ्य सुविधाओं मुहय्या कराने के निर्देश दिए गए है। खास बात यह है कि खोंधरा एक दुर्गम इलाकों में मौजूद है ऐसे में अंचल के ग्रामीणों को एनसीडी स्क्रीनिंग करने और आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य प्राथमिकता से करने निर्देशित किया गया है। सीएमएचओ द्वारा हाई रिस्क प्रेगनेंसी की समस्त गर्भवती को चिन्हांकित कर रूटिन फॉलोअप में आने के लिए प्रेरित करने की बात कही गई।

# हार्दिक बधाई...






## बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड

के **7वीं बार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित** होने पर

# श्री अशोक अग्रवाल जी

एवं **नवनिर्वाचित संचालक मंडल** को

## हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**श्री अशोक अग्रवाल जी**
प्रतिनिधि- जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्या. बिलासपुर
एवं छ.ग. शहरी बैंक फेडरेशन मर्या. रायपुर



### सहकारिता को समर्पित- एक व्यक्तित्व

कार्य के प्रति समर्पण, कर्मठता, सहजता एवं सरलता, मिलनसारिता आदि गुणों से ओत प्रोत एक व्यक्तित्व अशोक अग्रवाल जिन्होनें विश्वस्त संचालकों की संगठित टीम के साथ विगत 30 वर्षो से बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित के अध्यक्ष पद का न केवल कुशलता पूर्वक संचालन किया वरन बैंक को लाभ की स्थिति में ला खड़ा किया, परिणाम स्वरूप बैंक आज "ए" श्रेणी में वर्गीकृत है।

सहकारिता के पुरोधा श्री अशोक अग्रवाल ने अपने स्वर्गवासी पिता स्व.नंदकिशोर जी अग्रवाल (पूर्व अध्यक्ष, भूमि विकास बैंक) के पद चिन्हों का अनुशरण करते हुये राजनीतिक पृष्ठभूमि से सहकारिता के क्षेत्र में सन 1986 में प्रवेश किया। आप राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक क्षेत्र में अपने कर्तव्यों का सक्रियता पूर्वक निरंतर निर्वहन तो करते रहे लेकिन मन लगा था सहकारिता में फलत: जीवन के लगभग 40 वर्ष सहकारी आंदोलन को समर्पित करते हुये प्रदेश में ख्याति अर्जित की। 1986 में बिलासपुर सहकारी गृह निर्माण समिति के संचालक पद से प्रारंभ यह सफर द्रुतगति से आगे बढ़ा। 1998 से 2003 तक मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्या.भोपाल के संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पश्चात सन 2003 में छत्तीसढ़ राज्य सहकारी संघ मर्या. रायपुर के प्रथम अध्यक्ष सन 2013 से अब तक छत्तीसढ़ राज्य सहकारी आवास संघ के अध्यक्ष के रूप में सफलता की नई गाथा लिखी फलत: आज आप न केवल सहकारी आंदोलन के सशक्त हस्ताक्षर बन गये हैं वरन आपकी उपलब्धियों ने आपको प्रदेश में सहकारी आंदोलन की अग्रणी विभूतियों की पंक्ति में ला खड़ा किया है।

सहकारिता में आपकी महती भूमिका एवं योगदान को देखते हुये आपको छत्तीसगढ़ राज्य के सर्वोच्च सहकारिता अलंकरण ठा. प्यारे लाल सिंह अवार्ड से सन् 2022 में सम्मानित किया गया। सहकारिता के इस शलाका पुरूष और जुझारू साथी के साथ कार्य करते हुये हम स्वयं गौरवान्वित हैं।

**मंजिलें आगे और भी हैं, अभी तो ये पड़ाव है...**



**श्रीमती शशी धर्मजीत सिंह ठाकुर**
उपाध्यक्ष



**चंद्रप्रकाश जांगड़े**
उपाध्यक्ष

### नवनिर्वाचित संचालक गण



अनिल खंडेलवाल | मनोज भंडारी (प्रतिनिधि- छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्या.रायपुर एवं जिला सहकारी संघ मर्या. बिलासपुर) | नारायण आवटी | डॉ. अल्का शर्मा | डॉ. सोमनाथ यादव | राजकुमार पमनानी | सीताराम जायसवाल

**शुभेच्छु: खंडेलवाल फर्नीचर, गणेश ज्वेलर्स, नयन एजेंसी, बिलासपुर**

J.J.Ad

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 12 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255


## 10 हजार महिलाओं की रही सहभागिता



# बाजे-गाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा, रामकथा आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्रीराम कथा आयोजन समिति बिलासपुर द्वारा लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में आयोजित राम कथा की भव्य कलश यात्रा रविवार को बाजे-गाजे के साथ निकाली गई। कथा का वाचन सोमवार 12 जनवरी से दोपहर 3 से 6 बजे तक कथा व्यास संत प्रवर पं. विजय कौशल महराज द्वारा किया जाएगा।

कलश यात्रा जगन्नाथ मंगलम से निकल कर पुराना बस स्टैंड चौक, शिव टाकीज चौक, अग्रसेन चौक, सत्यम चौक, मसानगंज मार्ग, मध्य नगरीय चौक, मारवाड़ी लाइन, गोल बाजार, कोतवाली चौक होते हुए कथा स्थल लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण पहुंचकर समाप्त हुई। कलश यात्रा का रास्ते भर स्वागत किया गया। कलश धारण की हुई महिलाएं विशेष ड्रेस कोड पीले व लाल कलर की साड़ी में रही और आयोजन को लेकर एकदम उत्साहित रहीं। समिति के सदस्यों ने बताया कि कलश यात्रा की व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई थी। यही वजह है कि श्रद्धालु भक्तों की भारी उपस्थिति रही। इसमें 10 हजार महिलाएं शामिल रहीं। खास बात यह रही कि शशि अमर अग्रवाल, महापौर पूजा विधानी भी सिर में कलश लिए हुए चल रही थीं।



### गुलाब के फूलों से किया स्वागत




श्री राम कथा हेतु आयोजित कलश यात्रा का स्वागत दैवी संपद मंडल युवा सेवा समिति के तत्वाधान में किया गया। इसके लिये नागपुर से देशी गुलाब के सवा सौ किलो फूल विशेष तौर पर मंगाए गये थे।

**झांकी रही दर्शनीय :** कलश यात्रा में राम-लक्ष्मण, हनुमान की आकर्षक झांकी सजाई गई थी। इसका रास्ते में फूल बरसा कर स्वागत किया गया। कई लोगों ने दर्शन, पूजन कर आरती भी उतारी।

**इनकी रही उपस्थिति :** इस मौके पर आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक अमर अग्रवाल, शशि अग्रवाल, महापौर पूजा विधानी, विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला, समाज सेवी प्रवीण झा, पूर्व महापौर किशोर राय, महिला मोर्चा की अध्यक्ष स्नेहलता शर्मा, जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, पूर्व पार्षद राजेश मिश्रा, शोभा कश्यप सहित भाजपा महिला मोर्चा व मंडल के सभी सदस्यों, श्रद्धालु भक्तों की उपस्थिति रही।

**भ्रमण**

## ज्येष्ठ नागरिक संघ का वनभोज रोचक खेल का लिया आनंद



**बिलासपुर।** ज्येष्ठ नागरिक संघ परिवार द्वारा नए वर्ष के स्वागत में पिकनीक का आयोजन किया गया। वनग्राम शिवतराई के बैगा रिसोर्ट में आयोजित इस वन भ्रमण में लगभग 50 सदस्य शामिल हुए। गाते बजाते व अंत्याक्षरी खेलते बस द्वारा पिकनिक स्थल पर पहुंच नाश्ता किया। लक्की ड्रॉ के साथ ही हाऊजी, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही आकर्षक गेम भी कराया गया। लक्की ड्रॉ में अरविंद दीक्षित, डी पी गुप्ता के साथ ही भगवती प्रसाद चंद्रा पुरस्कृत किये गए। भारती दीक्षित द्वारा मजेदार गेम खिलाए गए जिसमें, आनंद शर्मा, आनंद डिग्रसकर, डी पी गुप्ता, शशि देवांगन, संगीता केशरवानी, अनिल धर दिवान, डॉ जी पी पाण्डेय, प्रवेश पुरी ने पुरस्कार प्राप्त किया। वन भ्रमण के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। रविन्द्र मिश्र,सुमन चतुर्वेदी, सतीश पाण्डे, भगवती प्रसाद चंद्रा, सिकंदर रजक ने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी। नित्यानंद अग्रवाल, राघवेंद्र दिवान, डॉ आर ए शर्मा, रामाधार शर्मा, धनसिंह ठाकुर, रंजना दीक्षित, सीमा पांडेय,शिवली मजुमदार, सुशांत, कृष्णा, रामसिंह स्वर्णकार, पिकनिक का आनंद लिया।

**आयोजन**

## योग पर नए कोर्स व डिप्लोमा होंगे शुरू, पदों पर होगी भर्ती



**बिलासपुर।** शहर में पहली बार योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का आगमन रविवार को शुद्ध योग केंद्र में हुआ,इस दौरान डॉक्टर मोनिका पाठक की उपलब्धियां और बुक पब्लिकेशन की प्रशंसा की अध्यक्ष ने कहा कि सरकार द्वारा योग शिक्षकों के पदों पर भर्ती को लेकर जल्द ही निर्णय लेगी। इन्होंने कहा कि योग विषय पर नए डिप्लोमा व अन्य कोर्स भी शुरू किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में योगीराज साहू, गौरव देवांगन,डॉक्टर गोदावरी तिवारी, श्रुति मिश्रा, अंकित अग्रवाल, मुनमुन श्वेता, राखी मांडमार्डेकर, सुरेश शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**धर्म-क्षेत्र**

## श्री राम कथा में बाजेगाजे के साथ शिव-पार्वती ने रचाया विवाह



**बिलासपुर।** फारेस्ट कालोनी न्यू स्मार्ट सिटी रोड किशोरी राधा रानी समिति के तत्वावधान में 9 जनवरी से प्रारंभ श्री रामा कथा का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को 11 जनवरी को आचार्य भागवताचार्य अमर कृष्ण शुक्ला ने भगवान शंकर और पार्वती का विवाह रचाया। विवाह के दौरान बड़ी संख्या में भगवान के शंकर के प्रतिनिधियों ने बाराती बनकर माता पार्वती व शंकर के विवाह का रसपान किया। भक्तों ने पुष्प वर्षा कर उन्हें आशीर्वाद दिया। भक्ती संगीत का आनंद लेते हुए शिव- पार्वती ने भी मंडप के नीचे अपना विवाह रचाया। आचार्य श्री ने बताया कि जब भगवान शिव विवाह रचाने आए तो वहां राक्षसों को देखकर सभी भयभीत हो गए थे। किसी तरह उनका विवाह कराया गया। कार्यक्रम के आयोजक कार्यक्रम में प्रसेन सिंह, रानी मिश्रा, दिनेश मिश्रा, सतीश शर्मा, सोन सिंह यादव, भागवत यादव, चंद्रभान साहू, रितेश साहू, शेखर मिश्रा, सिक्की साहू, संतोषी पटेल, वेद प्रसाद पटेल, गोपी, सूरज, राजकुमार, हेमंत बघेल आदि का सहयोग रहा। 12 जनवरी को आचार्य री बातया कि 12 जनवरी को राम जन्म का कारण और रामलला का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

# भगवान कृष्ण ने मायरा भरकर बचाई भक्त की लाज : जया किशोरी

नानी बाई का मायरा गुजरात के भक्त नरसी मेहता और उनकी बेटी नानी बाई की एक प्रसिद्ध कथा है। यह अटूट आस्था और भगवान कृष्ण की लीला को दर्शाती है। जहां नरसीजी आर्थिक तंगी में अपनी बेटी के पारंपरिक विवाह समारोह (मायरा) के लिए धन नहीं जुटा पाते हैं, तो भगवान स्वयं एक सेठ बनकर आए और छप्पन करोड़ का मायरा भरकर भक्त की लाज रखते हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ये बातें कथा वाचिका एवं मोटिवेशनल स्पीकर जया किशोरी ने मिनोचा कालोनी में श्री प्रेम सेवा परिवार द्वारा आयोजित नानी बाई की मायरा कार्यक्रम के समापन अवसर पर कही। उन्होंने बताया कि 'नानी बाई का मायरा' भक्त नरसी की भगवान कृष्ण की भक्ति पर आधारित कथा है।

'मायरो' अर्थात 'भात' जिसे मामा या नाना द्वारा कन्या को उसकी शादी में दिया जाता है। यह भात स्वयं श्री कृष्ण लाते हैं। 'नानी बाई' नरसीजी की पुत्री थी और सुलोचना बाई उनकी मां थी। नानी बाई का विवाह जब तय हुआ था, तब नानी बाई के ससुराल वालों ने यह सोचा कि नरसी एक गरीब व्यक्ति है। वह शादी की रस्म 'भात' नहीं भर पाएगा। उनको लगा कि यदि वह साधुओं की टोली को लेकर पहुंचे तो उनकी बहुत बदनामी हो जाएगी, इसलिये उन्होंने एक बहुत लंबी सूची भात के सामान की बनाई। उस सूची में करोड़ों का सामान लिख दिया गया, जिससे कि नरसी उस सूची को देखकर खुद ही न आए।

### मिनोचा कालोनी में आयोजित नानी बाई की मायरा कार्यक्रम का समापन



### बच्चों को दें बचपन से संस्कार

कथावाचिका ने कहा कि सभी अपने बच्चों को बचपन से अच्छा संस्कार दें। जो व्यक्ति बचपन से बिगड़ जाता है वह बड़े होने के बाद भी नहीं सुधरता है। बच्चों को लॉड प्यार में बिगाड़े नहीं बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाएं। लोग बच्चे का रोना न सुनना पड़े कि उनकी गलत जिद पूरी कर देते हैं। ऐसा कभी नहीं करें। बचपन की सीखी हुई हर चीज दिमाग में छप जाती है और अंत तक याद रहता है, इसलिए बच्चों को शुरू से ही अच्छी शिक्षा व संस्कारवान बनाएं। इंसान के अपने पैरो पर खड़ा नहीं होने से उन्हें जीवन में अन्याय सहना पड़ता है। आत्मनिर्भर रहने से सामने वाला भी सोचता है कि वह मेरे ऊपर निर्भर नहीं है।

### इन्होंने लिया आशीर्वाद

कथावाचिका से विधायक धरमजीत सिंह, आशा रामअवतार अग्रवाल सहित अन्य लोगों ने आशीर्वाद लिया। वहीं कथा का श्रवण करने भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। अंत में आरती के बाद कथा का समापन हुआ।

### नरसी पहुंचे बेटी को आशीर्वाद देने

कथावाचिका ने बताया कि नरसीजी को निमंत्रण के साथ मायरा भरने की सूची भेजी गई। नरसी के पास केवल श्रीकृष्ण की भक्ति थी। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण पर भरोसा करते हुए अपने संतों की टोली के साथ बेटी को आशीर्वाद देने बेटी के ससुराल पहुंच गए। उन्हें आता देख नानी बाई के ससुराल वाले भड़क गए और उनका अपमान करने लगे। इस अपमान से नरसीजी व्यथित हो रोते हुए श्रीकृष्ण को याद कर वहां से चल दिए। नानी बाई भी अपने पिता के इस अपमान को बर्दाश्त नहीं कर पाई और आत्महत्या करने का प्रयास करने लगी पर भगवान श्री कृष्ण ने नानी बाई को रोक लिया और कहा कि कल वह स्वयं नरसी के साथ मायरा भरने आएंगे।

### किसी नहीं देखा था ऐसा मायरा

कथा वाचिका जया किशोरी ने बताया कि दूसरे दिन नानी बाई बड़ी उत्सुकता के साथ श्री कृष्ण और नरसीजी का इंतजार करने लगी। तभी सामने देखती है कि नरसीजी संतों की टोली और कृष्णजी एक सेठ का रूप धारण कर साथ चले आ रहे हैं और उनके पीछे ऊंटों और घोड़ों की लम्बी कतार आ रही है। जिसमें सामान लदा हुआ है। दूर-दूर तक बैलगाड़ियां ही बैलगाड़ियां नजर आ रही थी। जिसमें वह सब भरा था। जिसे मांग पत्र में लिखी गई थी। ऐसा मायरा अभी तक किसी ने देखा नहीं था। यह सब देखकर ससुराल वाले अपने किये पर पछताने लगे। कहते हैं भगवान द्वारिकाधीश ने स्वर्ण मुद्राओं की ऐसी वर्षा की। जिससे गांव वाले भी धनी हो गए। नानी बाई के ससुराल वाले उस सेठ को देखते ही रह गए।




## छत्तीसगढ़ी भाषा और साहित्य की विकास यात्रा को रेखांकित किया

**बिलासपुर।** सिम्स आडिटोरियम में आयोजित छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के दो दिवसीय नवम अधिवेशन के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहे पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा छत्तीसगढ़ की अस्मिता और पहचान है। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक छत्तीसगढ़ी के विकास और प्रचार-प्रसार की दिशा में अपनी अहम भूमिका का निर्वाह किया है, छत्तीसगढ़ी भाषा और साहित्य का निरंतर विकास हो और छत्तीसगढ़ी भाषा अपनी ऊंचाई को प्राप्त करें।

विशिष्ट अतिथि विधायक धरमलाल कौशिक और सुशांत शुक्ला ने छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण से लेकर छत्तीसगढ़ी भाषा और साहित्य की विकास यात्रा को रेखांकित किया और छत्तीसगढ़ी के विकास में बिलासपुर के मूर्धन्य साहित्यकार डॉ पालेश्वर प्रसाद शर्मा और श्यामलाल चतुर्वेदी आदि के योगदान और छत्तीसगढ़ी को राजकाज की भाषा बनाने के लिए नंदकिशोर शुक्ल के प्रयास का स्मरण किया। अकादमिक चर्चाओं के क्रम में डॉ परदेशीराम वर्मा की अध्यक्षता में 'पुरखा के सुरता' और नंदकिशोर तिवारी की अध्यक्षता में 'छत्तीसगढ़ी भाषा की महत्ता' पर गंभीर विमर्श हुआ। इसके पश्चात सरला शर्मा की अध्यक्षता में 'सोशल मीडिया में छत्तीसगढ़ी' की भूमिका और श्री काशीपुरी कुंदन की अध्यक्षता में 'छत्तीसगढ़ी गद्य साहित्य' पर विद्वानों ने अपने विचार रखे। प्रथम दिवस पर 250 से अधिक कवियों ने अपना पंजीयन कराकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। संजीव तिवारी ने वर्तमान पर प्रासंगिक एआई के विषय पर प्रकाश डाला और इंटरनेट का इतिहास व योगदान की जानकारी देकर छत्तीसगढ में इसके प्रयोग की जानकारी दी।

## व्यापमं ने कैमिस्ट के पदों पर ली परीक्षा

**बिलासपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को एक पाली में सुबह 11 से दोपहर 1:15 तक कैमिस्ट के पदों पर शहर के 12 सेंटरों में परीक्षा ली गई। नोडल अधिकारी शिव कुमार कंवर ने बताया कि इस परीक्षा में 4 हजार 323 अभ्यर्थीयों ने आवेदन किया था, जिसमें 2 हजार 229 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलवाई 2 हजार 94 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहें। परीक्षार्थी विकल्प शर्मा ने बताया कि दो घंटे की इस परीक्षा में 100 नंबर का प्रश्न पत्र था, इसमें रासायान, फिजिक्स, सामान्य ज्ञान व हिंदी विषय के प्रश्न पूछा गया। बता दें कि व्यापमं द्वारा जारी दिशा निर्देशों में परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा और व्यवस्थाओं के व्यापक इंतजाम थे। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। सुबह 10:30 बजे तक अभ्यर्थियों के प्रवेश की अनुमति थी इसके बाद किसी भी को प्रवेश नहीं दिया गया। अभ्यर्थियों की प्रवेश से पहले कड़ी फ्रिस्किंग हुई, परीक्षा 11 बजे शुरू हो गई थी। देर से आने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया।

### आधे अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित



**स्पोटर्स न्यूज**

## रायगढ़ की टीम फाइनल में, अमरकंटक इलेवन को हराया

**बिलासपुर।** स्व.उषा देवी भंडारी जी की स्मृति में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता सरकंडा स्थित खेल परिसर मैदान चल रही है, प्रतियोगिता का दुसरा सेमीफाइनल मैच मोनू गोयल आशिफ़ जॉयफ़ फ़ेन्स क्लब रायगढ़ और अमरकंटक हेल्थ सेंटर इलेवन के बीच खेला गया।

मोनू गोयल आशिफ़ जॉयफ़ फ़ेन्स क्लब रायगढ़ की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी का निर्णय लिया। अमरकंटक हेल्थ सेंटर की टीम पहले बल्लेबाजी करने 77 रन बनाकर आल आउट हो गई। अमरकंटक हेल्थ सेंटर की ओर से बल्लेबाज सोनू ने सार्वाधिक 22 रन बनाएं। मोनू गोयल आशिफ़ जॉयफ़ फ़ेन्स क्लब रायगढ़ टीम की ओर से गेंदबाज इरफ़ान पटेल ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए हैट्रिक के साथ 6 विकेट अर्जित किए। दूसरी पारी में 78 रनों का पीछा करने उतरी मोनू गोयल आशिफ़ जॉयफ़ फ़ेन्स क्लब रायगढ़ इलेवन ने 2 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस प्रकार मोनू गोयल आशिफ़ जॉयफ़ फ़ेन्स क्लब रायगढ़ इलेवन की टीम ने 8 विकेट से यह मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इरफ़ान पटेल की गेंदबाज़ी उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

इस मैच में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किया । विशिष्ट अतिथि के रूप में सिद्दकी डॉ विवेक बाजपेयी शामिल हुए। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस संपन्न कराया।

प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे तोखन साहू ने चुनाव के समय आए हुए एवं जनता से मुलाक़ात को याद किया साथ ही आयोजन को भव्य एवं राष्ट्रीय लेवल का बताया। बृजमोहन अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि दुनिया का सबसे प्यारा रिश्ता होता है मां और बेटे का रिश्ता और ऐसी मां जिस प्रकार अपने बच्चों को खेल के माध्यम से स्वास्थ्य का ध्यान रखती है , उसी प्रकार से निकु भंडारी जी ने खेल के माध्यम से खिलाड़ियों को आगे बढ़ा रहे हैं।



## नेटबॉल में दो खिलाड़ियों का चयन

नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के खिलाड़ी सौम्य संतवानी एवं प्रियंका सोनवानी का चयन राष्ट्रीय नेटबॉल सीनियर प्रतियोगिता के लिए हुआ, है जो की हैदराबाद तेलंगाना में आयोजित हो रही है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम शामिल होगी। नेटबॉल संघ के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी।



## खबर संक्षेप

### गार्ड के साथ मारपीट तीन युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** राजीव प्लाजा में गार्ड के साथ मारपीट करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, 10 जनवरी को साहेब सिंह राजीव प्लाजा में गार्ड की नौकरी कर रहे थे। रात 10.20 बजे आटो चालक अपनी आटो गेट नम्बर 1 से अंदर लेकर जा रहा था। गार्ड ने उसे आटो अंदर ले जाने से मना किया। इस पर आटो में सवार युवकों ने उनके साथ जमकर मारपीट कर दी। गार्ड ने पुलिस को सूचना दी तो पेट्रोलिंग गाड़ी मौके पर आई और हमलावरों के साथ बातचीत करने लगी। उसके बाद तीना हमलावर चले गए। पेट्रोलिंग पार्टी के द्वारा हमलावरों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे राजीव प्लाजा के व्यापारी तारबाहर थाने पहुंचकर हमलावरों पर कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस ने अमर पाल की रिपोर्ट पर हमलावर मोहम्मद शाहरूख पिता मोहम्मद युसूफ खान 32 साल खुदीराम बोस चौक, रियाज अहमद पिता अब्दुल रशीद 27 साल राजकिशोरनगर, सागर नायक पिता पंचराम नायक 26 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

### दो सूने मकानों से सोने चांदी के जेवर ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** चोरों ने दो सूने मकानों में धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व अन्य सामान चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है।



सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, गंगानगर फेस 2 निवासी कमलेश कुमार नेताम एफसीआई में एकाउन्टेट का काम करते हैं। 10 जनवरी को शाम 6 बजे मकान के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार सहित रिश्तेदार हेमलाल मरावी के घर तिफरा चले गए थे। देर रात चोरों ने उनके घर में धावा बोलकर आलमारी का लाकर तोड़कर सोने का हार, मंगलसूत्र, टाप्स, लाकेट, 3 जोड़ी पायल सहित 3 लाख के जेवर चोरी कर भाग गए। 11 जनवरी को वह घर आए तब चोरी की जानकारी हुई। दूसरी घटना में सिरगिट्टी क्षेत्र के गणेशनगर नयापारा निवासी सुनीता साहू पति विनोद साहू 4 जनवरी को दरवाजे में ताला लगाकर भनवारटंक घूमने चली गई थी। उसके बाद तखतपुर ससुराल चली गई थी। इसी दौरान चोरों ने उनके मकान में धावा बोलकर टीवी, इन्डक्शन चूल्हा, नकद रकम चोरी कर लिया है। 10 जनवरी को वह घर लौटी तो चोरी की जानकारी हुई। पुलिस ने दोनों मामले में अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### जमीन हड़पने के आरोप में बहू के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** जीवित सास का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर जमीन हड़पने के आरोप में पुलिस ने बहू के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, टिकरापारा मन्नू चौक निवासी शैल शर्मा पति स्व. देवनारायण शर्मा ने रिपोर्ट लिखाई। उनकी विधवा बहू रंजना शर्मा ने वर्ष 1993 में उनके जीवित रहते हुए उनकी मृत्यु 26 मार्च 1993 दर्शाते हुए फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र तैयार कराया। कूटरचित प्रमाण पत्र के आधार पर ग्राम सोनौरी पटवारी हल्का सेजहटा तहसील रघुराजनगर जिला सतना मध्य प्रदेश स्थित जमीन का नामांतरण अपने व अपनी बेटी दृष्पिका तिवारी के नाम करवा लिया गया है, जिससे अवैध रूप से धन लाभ अर्जित किया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर रंजना शर्मा, दृष्पिका तिवारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**पर्यावरण विभाग से एनओसी प्रक्रिया में** | **जिले के छह रेतघाटों की दो महीने पहले की गई थी नीलामी**

# किसी भी रेतघाट को नहीं मिल सका पर्यावरण विभाग का एनओसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



जिले के छह रेत घाटों की नीलामी को अब लगभग दो महीने पूरे हो चुके हैं, लेकिन किसी भी घाट से अधिकारिक तौर पर रेत खनन अब तक प्रारंभ नहीं हो सका है। इसके पीछे किसी भी घाट के लिए पर्यावरण विभाग से एनओसी जारी नहीं हो पाना प्रमुख कारण है। विभागीय सूत्रों के अनुसार रेतघाटों के लिए पर्यावरण विभाग में एनओसी का प्रकरण फिलहाल प्रक्रिया में है। जिले में कहने को तो छह रेतघाट हैं, और सभी की नीलामी भी की जा चुकी है, लेकिन आज दो महीने बाद भी किसी भी रेतघाट से रेत का खनन प्रारंभ नहीं हो सका है। 4. 6 हेक्टेयर वाले जरगा-कोनचरा रेतघाट की नीलामी 11 नवंबर को की गई थी। इसी तरह 5 हेक्टेयर वाला कुकुर्दीकला रेतघाट 13 नवंबर को नीलाम किया गया। 10 हेक्टेयर के विस्तृत क्षेत्र वाले लमेर रेतघाट की नीलामी 26 नवंबर को की गई। इसी तरह निरतू रेतघाट 20 नवंबर को नीलाम हुआ।

■ **किसी घाट में प्रारंभ नहीं हो सका खनन**

खनिज विभाग के नियमों के अंतर्गत रेतघाट की नीलामी के बाद संबंधित ठेकेदार को रेतखनन के लिए पर्यावरण विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना होता है। पर्यावरण विभाग में शासन द्वारा तय कुछ लोगों की कमेटी होती है, जो ऐसे प्रकरणों पर निर्णय लेती है। वर्तमान में जिले के सारे रेतघाट के प्रकरण एनओसी के लिए पर्यावरण विभाग में ही लंबित हैं, जिससे रेतखनन भी लंबित है।

### मौसम सूखा, फिर भी रेत की आपूर्ति बाधित

नदी से रेत खनन पर लगा प्रतिबंध पंद्रह अक्टूबर से समाप्त हो चुका है। इसके विपरीत आज तीन महीने बाद भी खनन प्रारंभ नहीं हो पाने के कारण शहरवासियों को रेत की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इस संबंध में खनिज विभाग का कहना है कि अरपा नदी की रेत केवल पटाई के लिए उपयोग में लाई जा रही है। लोगों को घर बनाना है तो इसके लिए शिवरीनारायण से महानदी की रेत को ही पहली प्राथमिकता है। ऐसे में जिले में किसी भी रेतघाट के प्रारंभ नहीं होने से शहरवासियों को कोई ज्यादा फर्क नहीं पड़ रहा है।

### बगैर एनओसी खनन किया तो होगी कार्रवाई

खनिज विभाग द्वारा वैसे तो प्रत्येक घाट के लिए ठेकेदार तय किए जा चुके हैं, लेकिन इन ठेकेदारों के द्वारा फिलहाल रेत खनन नहीं किया जा सकता। खनिज विभाग के अनुसार भले की सारे घाटों के लिए ठेकेदार तय हो चुके हैं, लेकिन जब तक पर्यावरण विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं मिल जाता उक्त ठेकेदार अपने ही घाट में भी खनन नहीं कर सकते। यदि इनके द्वारा खनन करने की सूचना प्राप्त हुई तो संबंधित के खिलाफ खनिज नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

### कार्रवाई की जाएगी

जिले के किसी भी रेतघाट को पर्यावरण विभाग का एनओसी नहीं मिलने के कारण फिलहाल खनन प्रारंभ नहीं हो सका है। किसी ठेकेदार के द्वारा अगर अपने घाट में रेत खनन करने की शिकायत मिली तो संबंधित पर खनिज नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**-किशोर कुमार गोलघाटे,** उपसंचालक खनिज विभाग

**लिंगियाडीह चौक पर निगम और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी**

# महिलाओं ने कहा- घर टूटेगा तो हम जिंदा नहीं बचेंगे, 50 वें दिन भी जारी रहा धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लिंगियाडीह स्थित दुर्गा नगर वार्ड क्रमांक 52 में नगर निगम द्वारा गरीब निवासियों के मकान तोड़ने की कार्रवाई को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। प्रभावित नागरिकों ने खास तौर पर महिलाएं इसके विरोध में उतरी हुई हैं। महिलाएं लिंगियाडीह चौक में धरना प्रदर्शन कर रही हैं जिसके 50 दिन बीत चुके हैं। विभिन्न राजनैतिक और सामाजिक संगठनों का समर्थन भी इन्हें मिल रहा है। निगम और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की जा रही है। महिलाओं का कहना है कि वे दशकों से इस क्षेत्र में रह रहीं हैं और बार-बार की तोड़फोड़ कार्रवाई ने उनके जीवन को अस्थिर बना दिया है। वे पिछले 50 वर्षों से लिंगियाडीह क्षेत्र में रह रहे हैं। उन्होंने अपनी मेहनत की कमाई से घर बनाए हैं, जिन पर अब निगम का बुलडोजर चल रहा है। महिलाओं ने यह भी कहा कि घर टूटेगा तो हम जिंदा नहीं बचेंगे, यह मांगे नहीं, हक है जो चाहिए।

■ **विभिन्न राजनैतिक और सामाजिक संगठनों का समर्थन भी महिलाओं को मिल रहा**

धरने पर बैठीं 100 से अधिक महिलाओं के मुताबिक यह संघर्ष अब सिर्फ भूमि विवाद नहीं बल्कि अस्तित्व की लड़ाई है। महिलाओं के साथ बच्चे भी चौक पर धरना देकर बैठे हुए हैं। विरोध स्थल पर बैनर, तख्तियां, रोष भी है। धरने पर मौजूद बच्चे स्कूल बैग और किताबें गोद में रखे बैठे हैं। महिलाओं के मुताबिक पढ़ाई, भविष्य, सुरक्षा सब कुछ तबाह कर नगर निगम किसके लिए गार्डन बनाना चाह रहा है। वार्ड के कांग्रेस पार्षद दिलीप पाटिल का कहना है कि निगम का उद्देश्य विकास नहीं, बल्कि कमजोर तबके को हटाने की नीति है। धरने पर यशोदा पाटिल, परमिला ध्रुव, अनिता ध्रुव, नंदनी ध्रुव, आरती श्रीवास, मालती यादव, रामबाई माजिपी, शीला सिंह, सीता साहू, संगीता भादव, जयकंवर अहिरवार, अजनी रजक, कल्याणी यादव, मोगरा यादव, बाई चौहान, पिल्ली बाई, मालती मानिकपुरी, अनुपा श्रीवास, जानकी गोड़, कुमारी मानिकपुरी, संतोषी श्रीवास, रामवाई मानिकपुरी, खोरबहारिन यादव, सवित्ती यादव, भरजीना बेगम, नीरा सेन, लीला भोई, आरती सूर्यवंशी, मथुरी सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं बैठीं हैं।

आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस और न्यायपूर्ण निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन अनवरत जारी रहेगा।



लिंगियाडीह चौक पर धरना प्रदर्शन करती दुर्गा नगर वार्ड की महिलाएं।

### स्थायी पट्टा मिला और ना सुरक्षा की गारंटी

धरना दे रहीं महिलाओं ने बताया कि यह भूमि (लगभग 2.46 एकड़) पहले ही आबादी भूमि घोषित की जा चुकी थी। 2019 में छत्तीसगढ़ सरकार ने निर्णय लिया था कि निगम की भूमि पर बसे नागरिकों को पट्टा दिया जाएगा। इसके बाद भूमि का सर्वे हुआ और अतिरिक्त तहसीलदार ने पट्टाधारियों की सूची तैयार की। लोगों ने 10 रुपए प्रति वर्गफुट के हिसाब से प्रीमियम राशि भी निगम को जमा की। इसके बावजूद, न तो उन्हें स्थायी पट्टा मिला और न ही सुरक्षा की गारंटी। उल्टे अब निगम तोड़फोड़ की कार्रवाई कर रहा है। निवासियों का आरोप है कि नगर निगम अब तक 113 मकानों को तोड़ चुका है। पार्क और कॉम्प्लेक्स बनाने के नाम पर नई कार्रवाई शुरू की गई है। इससे पहले भी लगभग चार माह पूर्व सड़क चौड़ीकरण के नाम पर भी 150 से अधिक मकान और दुकानें तोड़ी गई थीं।

### मकान तोड़ने पर रोक लगाने की मांग

धरने पर बैठीं महिलाओं ने बताया कि इन कार्रवाइयों से गरीब परिवारों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति बुरी तरह प्रभावित हुई है। कई लोग आज भी अस्थायी झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि प्रशासन हर महीनों में नए नाम से कुछ ना कुछ कार्रवाई की जा रही है। कभी सड़क चौड़ीकरण, कभी नाली निर्माण, कभी कॉम्प्लेक्स या पार्क विकास के नाम पर जीना हराम कर दिया गया है। इससे पूरे क्षेत्र में असमंजस और भय का माहौल बना हुआ है। कलेक्टर और निगम कमिश्नर को सौंपे ज्ञापन में स्थानीय निवासियों ने दो प्रमुख मांगें रखी हैं। इसमें प्रस्तावित मकान तोड़ने की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए और पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और निर्दोष गरीब परिवारों को राहत मिल सके।

**सूझबूझ से बची करोड़ों की संपत्ति**

# जान जोखिम में डाल टाला भीषण अग्निकांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



आज शहर में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जिसका पूरा श्रेय दो जांबाज सामाजिक कार्यकर्ताओं, शाहरुख अली और रोमी भास्कर को जाता है। अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे इन दो युवाओं ने न केवल इंसानियत का फर्ज निभाया, बल्कि अपनी त्वरित सूझबूझ और अदम्य साहस से एलआईसी ऑफिस के पास लगी भीषण आग को एक बड़ी त्रासदी में बदलने से रोक लिया। जानकारी के अनुसार शाहरुख अली और रोमी भास्कर अपने दैनिक कार्य करने क्षेत्र से गुजर रहे थे। तभी उनकी नजर एलआईसी ऑफिस के समीप अचानक भड़की भीषण लपटों पर पड़ी। आग इतनी विकराल थी कि देखते ही देखते उसने आस-पास के घेरे को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया था। मूकदर्शक बनने के बजाय, शाहरुख और रोमी ने तुरंत मोर्चा संभाला। बिना अपनी सुरक्षा की परवाह किए, दोनों युवाओं ने पास में उपलब्ध बाल्टियों से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। हालाँकि आग का तांडव इतना ज्यादा था कि अकेले बुझाना मुमकिन नहीं था, लेकिन उनके इस शुरुआती संघर्ष ने आग को फैलने की गति को धीमा कर दिया। जब लपटें बेकाबू होने लगीं, तब बिना समय गंवाए शाहरुख और रोमी ने डायल 112 और फायर ब्रिगेड को सूचित किया। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुँचीं और आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि इन दोनों युवाओं ने समय रहते सक्रियता न दिखाई होती, तो एलआईसी जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय और आसपास की इमारतों को भारी नुकसान पहुँच सकता था। शाहरुख अली और रोमी भास्कर के इस साहसिक कार्य की पूरे क्षेत्र में चर्चा है। लोगों का कहना है कि आज के दौर में जहाँ लोग हादसों का वीडियो बनाने में व्यस्त रहते हैं, वहीं इन दोनों हीरोज़ ने अपनी जान की परवाह न कर समाज सेवा की एक नई मिसाल पेश की है। प्रशासन और स्थानीय नागरिकों ने दोनों युवाओं के इस जांबाजी को सलाम किया है।

■ **मसीहा बनकर आए टीम आग़ाज़ इंडिया फाउंडेशन के शाहरुख और रोमी**

# यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए निजी बसों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाल ही में देश के अन्य राज्यों में हुई बस दुघर्टनाओं से सबक लेकर परिवहन विभाग के टीम ने यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए निजी बसों की जांच कर कार्रवाई की है। इस दौरान 13 बसों से 12 हजार 600 रूपए की वसूली भी की गई है।

■ **भोजपुरी टोल प्लाजा और रतनपुर रोड पर कार्रवाई**

आरटीओ फ्लाइंग स्काड टीआई महेश साहू ने बताया कि परिवहन आयुक्त के निर्देश के अनुसार सड़क सुरक्षा सप्तांह में कार्रवाई की गई है। इस दौरान भोजपुरी, रतनपुर, मस्तुरी, नया बसस्टैंड जैसे जगहों पर करीब 48 से अधिक बसों पर जांच की गई है। वहीं 13 बसों में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर मिली कमियों को देखतें हुए समन शुल्क की वसूली गई। वहीं अन्य बसों के चालक और संचालकों को यात्री बसों में अग्निशामक यंत्र, प्राथमिक उपचार पेटी, इमरजेंसी एक्जिट गेट, परिचालक लाइसेंस व अन्य दस्तावेजों को दुरूस्त रखने की हिदायत दी गई। इस दौरान मोयर यान अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की गई है। टीआई श्री साहू ने बताया कि आने वाले दिनों में सड़क पर लगातार कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान टीआई महेश साहू, टीआई नितिन सिंह, सहित अन्य परिवहन अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



# वन भूमि पर अवैध उत्खनन करते जब्त किए गए दो ट्रैक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन विकास निगम ने गश्ती के दौरान मुखबिर की सूचना पर वन भूमि के क्षेत्र में अवैध उत्खनन करते दो ट्रैक्टर को जब्त किया है, जिसमें रखी लकड़ी और अन्य सामानों को छोड़कर आरोपी फरार हो गए हैं। विभाग ने फरार आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए खोजबीन शुरु कर दी है।

वन विकास निगम के क्षेत्रीय महाप्रबंधक अभिषेक सिंह और मंडल प्रबंधक सत्यदेव शर्मा ने वन भूमि के क्षेत्र में मुरुम, रेत की खोदाई सहित अवैध उत्खनन को रोकने का आदेश जारी किया है। अधिकारियों के निर्देश पर परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी वैभव साहू, सहायक परियोजना क्षेत्रपाल अरूण कुमार सिंह, क्षेत्ररक्षक चंद्रकांत साय, नियमित चौकीदार बलदाऊ सिंह मरावी, नैनसिंह एवं रोपण सुरक्षा श्रमिक परिक्षेत्र भैंसाझार के कर्मचारी पेट्रोलिंग कर रहे थे। इस दौरान टीम को सूचना मिली कि कोटा परियोजना मण्डल के तेंदुआ कक्ष क्रमांक पी 128 में अवैध उत्त्खनन किया जा रहा है। सूचना पर वन विकास निगम की टीम तत्काल मौके पर पहुंची, लेकिन टीम के पहुंचने से पहले ही आरोपी गाड़ी को छोड़कर फरार हो गए। टीम ने मौके से सागौन का लट्ठा चार नग सहित गाड़ी जब्त की। इसके उपरांत टीम ने सूचना पर रिजर्व फारेस्ट क्षेत्र क्रमांक 172 में नाले से अवैध रूप से रेत उतखनन और अरूण रूप से मिट्टी की खोदाई व परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर सीजी 04 डीटी 8490 सहित आरोपी सराईपाली निवासी ओमप्रकाश मरावी पिता पवनसिंह मरावी और बुधराम सिंह मरकाम पिता भगवान सिंह मरकाम के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 1ख के तहत अपराध दर्ज किया है।



■ **वन विकास निगम की कार्रवाई, लकड़ी छोड़कर फरार हो गए आरोपी**




### प्रताड़ना से त्रस्त होकर युवक ने की थी खुदकुशी, जमशेदपुर से युवती गिरफ्तार

**बिलासपुर।** प्रताड़ना से त्रस्त होकर एक युवक ने सुसाइड नोट लिखकर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मामले में अपराध कायम कर प्रताड़ित करने वाली युवती को गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात हो कि 27 सितंबर को अग्रसेन चौक साकेत अपार्टमेंट निवासी रिटायर्ड अधिकारी अशोक सवन्नी का बेटा ईशांक उर्फ गौरव सवन्नी ने सुसाइड नोट लिखकर उसलापुर रेलवे स्टेशन में ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली थी, सुसाइड नोट में प्रियंका सिंह पर झूठा बलात्कार का मामले में जेल भेजकर लगातार प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया था। जांच के बाद पुलिस ने प्रियंका सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत जुर्म दर्ज किया था।

तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से टीआई एसआर साहू के निर्देश पर एसआई ओमप्रकाश कुर्रे, एएसआई चंद्रकांत डहरिया, विकास सेंगर, महिला आरक्षक सुनीता मंडावी झारखंड रवाना हुए। पुलिस टीम ने जमशेदपुर कदमा आस्था विनय अपार्टमेंट निवासी प्रियंका सिंह पिता संजय सिंह 32 साल को पकड़कर ट्रांजिट रिमांड में लेकर शहर आई है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।




